आवदेन करने वाला व्यक्ति अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत उसके विधिक वारिस भी हैं;

(घ) “निधि” से स्कीम के अधीन गठित हिमाचल प्रदेश, पीड़ित व्यक्ति प्रतिकर निधि अभिप्रेत है;

(ङ) “अनुसूची” से इस स्कीम से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(च) “राज्य” से हिमाचल प्रदेश राज्य अभिप्रेत है;

(छ) “विधिक सेवा प्राधिकरण” से विधिक सेवाएं प्राधिकरण अधिनियम,1987 के अधीन गठित,यथास्थिति,राज्य/जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अभिप्रेत है; और

(ज) “पीड़ित व्यक्ति” से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी कृत्य या लोप जिसके लिए अभियुक्त व्यक्ति को आरोपित किया गया है, के कारण हुई किसी हानि या क्षति से ग्रस्त हुआ है और पद पीड़ित व्यक्ति के अन्तर्गत उसका संरक्षक या विधिक वारिस भी हैं ।

3.पीड़ित व्यक्ति पुनर्वास निधि

(1) हिमाचल प्रदेश, पीड़ित व्यक्ति प्रतिकर निधि के नाम से एक निधि स्थापित की जाएगी, जिसमें से इस स्कीम के अधीन प्रतिकर की रकम ऐसे पीड़ित व्यक्ति को संदत्त की जाएगी, जिसको किसी अपराध के परिणामस्वरूप हानि या क्षति हुई है तथा जिसका पुनर्वास अपेक्षित है ।

(2) राज्य सरकार, प्रति वर्ष स्कीम के प्रयोजन के लिए अलग से बजट आबंटित करेगी ।

(3) निधि को सचिव, राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा संचालित किया जाएगा ।

4. प्रतिकर के लिए पात्रता

(1) पीड़ित व्यक्ति प्रतिकर प्रदान किए जाने के लिए पात्र होगा जहांः–

(क) न्यायालय, अधिनियम की धारा 357–क की उपधारा(2) के अधीन कोई सिफारिश करता है अथवा अधिनियम की धारा 357–क की उपधारा(4) के अधीन, प्रथम इत्तला रिपोर्ट को अभिलिखित करने के नब्बे दिन के भीतर, राज्य या जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को आवदेन किया गया है;

(ख) विचारण न्यायालय का, विचारण के निष्कर्ष पर, यह समाधान हो जाता है कि अधिनियम की धारा 357 के अधीन अधिनिर्णीत प्रतिकर, ऐसे पुनर्वास हेतु पर्याप्त नहीं है, अथवा जहाँ मामले की समाप्ति दोषमुक्ति या उन्मोचन से होती है तथा पीड़ित व्यक्ति का पुनर्वास किया जाना है और न्यायालय द्वारा प्रतिकर के लिए सिफारिश की गई है;

परंतु पीड़ित व्यक्ति,युक्तियुक्त समय सीमा के भीतर, किसी पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को, ऐसे पुलिस स्टेशन की सीमाओं के भीतर हुए अपराध की या ऐसे अपराध का संज्ञान लेने के लिए

(4) जहां पर पीड़ित व्यक्ति को एक से अधिक क्षति पंहुची है या हानि हुई है,वहां प्रत्येक व्यक्ति के मामले में, प्रतिकर, केवल, अपराध के परिणामस्वरूप हई गम्भीरतम क्षति या हानि के लिए संदेय होगा ।

(5) इस प्रकार संदत्त प्रतिकर,इस शर्त के अध्यधीन होगा कि यदि न्यायालय, अपराध से उद्भूत मामले में निर्णय देते हुए, अभियुक्त व्यक्ति को अधिनियम की धारा 357 की उपधारा(3) के अधीन प्रतिकर के रूप में कोई रकम संदत्त करने का आदेश देता है,तो अधिनियम की धारा 357–क के अधीन इस प्रकार संदत्त प्रतिकर के बराबर की रकम का, न्यायालय द्वारा सीधे,यथास्थिति, राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को, जिसके द्वारा स्कीम के अधीन प्रतिकर का संदाय किया गया था परिहार किया जाएगा ।

(6) यथास्थिति, राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा, पीड़ित व्यक्ति को कारित हानि के प्रकार और गम्भीरता,उपचार के लिए उपगत किए जाने वाले चिकित्सा व्यय, ऐसे आनुषंगिक प्रभारों, जैसे अन्तयेष्टि व्यय इत्यादि सहित, पुनर्वास के लिए न्यूनतम पोषण रकम के आधार पर पीड़ित व्यक्ति को अधिनिर्णित किए जाने वाले प्रतिकर की मात्रा का विनिश्चय किया जाएगा । प्रतिकर,

ऐसे मामलों के तथ्यों पर निर्भर करते हुए और अनुसूची में यथाविहित सीमाओं के अध्यधीन, विभिन्न मामलों में भिन्न –भिन्न हो सकता है ।

(7) स्कीम के अधीन अधिनिर्णित किए जाने वाले प्रतिकर की मात्रा, आवेदन में दिए गए बैंक खाते में विप्रेषित की जाएगी। रकम यथा साध्य,इलैक्ट्रोनिक्स माध्यम से अन्तरित की जा सकेगी, ताकि पीड़ित व्यक्ति को निधि से प्रभावकारी और शीघ्र संवितरण प्रदान किया जा सके । पीड़ित व्यक्ति के अवयस्क होने या मानसिक रूप से बीमार होने की दशा में रकम,यथास्थिति, जब राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रतिकर अधिनिर्णित करने के पश्चात् समाधान हो जाता है कि, उसका, ऐसे अव्यवस्क या मानसिक रूप से बीमार पीड़ित व्यक्ति के हित में और कल्याण के लिए समुचित रूप से उपयोग किया जाएगा, तो उसके माता–पिता या संरक्षक के बैंक खाते में विप्रेषित की जाएगी ।

(8) प्रश्नगत अपराध के सम्बन्ध में पीड़ित व्यक्ति द्वारा, किसी अन्य अधिनियम या स्कीम(मों) के अधीन बीमा दावा, अनुग्रहपूर्वक रकम(एक्स ग्रेशिया) इत्यादि के लेखे में इस प्रकार प्राप्त संदाय, इस स्कीम के अधीन प्रतिकर की रकम का भाग समझा जाएगा और यदि उपयुक्त

द्वारा इस प्रकार प्राप्त प्रतिकर को, यथास्थिति, राज्य/विधिक सेवा प्राधिकरण को क्यों न वापस कर दिया जाए ।

(4) राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके द्वारा प्रतिकर प्रदान किया गया था, जारी किए गए कारण बताओ नोटिस के स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, पर विचार करके, और पीड़ित को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, आदेश द्वारा, निष्कर्ष को अभिलिखित करके, कि क्यों न इस प्रकार प्राप्त की गई प्रतिकर की रकम, ऐसे आदेश से साठ दिन की अवधि के भीतर,पीड़ित व्यक्ति द्वारा ऐसे प्राधिकरण को प्रतिदत्त की जानी चाहिए ऐसा न होने पर उक्त रकम को पीड़ित व्यक्ति से भू–राजस्व की बकाया के रूप में वसूल की जाए ।

८. आदेश को रिकार्ड पर प्रस्तुत करना

न्यायालय, अधिनियम की धारा 357 की उपधारा(3) के अधीन प्रतिकर का आदेश करते समय, स्कीम के अधीन प्रतिकर के रूप में संदत्त किसी राशि को लेखे में लेगा और अधिनियम की धारा 357–क के अधीन किए गए प्रतिकर के ऐसे आदेश की प्रति, न्यायालय के रिकार्ड में रखी जाएगी ।

9. परिसीमा

(1) अधिनियम की धारा 357–क की उपधारा(4) के अधीन पीड़ित व्यक्ति द्वारा किए गए किसी दावे को, अपराध किए

और लेखों की वार्षिक विवरणी तैयार करेंगे ।

(2) लेखों की संपरीक्षा,परीक्षक, स्थानीय लेखा विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा की जाएगी ।

आदेश द्वारा,

प्रधान सचिव(गृह)
हिमाचल प्रदेश सरकार ।

पृष्ठांकन संख्या–यथोपरि । तारीख शिमला–2 06.09,2012 ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. महापंजीयक हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय शिमला–171001 ।
2. समस्त प्रशासनिक सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार ।
3. समस्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश ।
4. सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, एस.डी.ए. काम्पलैक्स, शिमला–171009 ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश ।
6. समस्त जिला उपायुक्त, हिमाचल प्रदेश ।
7. समस्त पुलिस अधीक्षक, हिमाचल प्रदेश ।
8. नियंत्रक मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला–5 को इस आश्य के साथ प्रेषित है कि वह उक्त अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र में करने की कृपा करें ।

उप सचिव(गृह)
हिमाचल प्रदेश सरकार ।

